**EF–EI/CC/PT–2014** **Serial No.** 185124

**Candidate's Roll Number**

| 1 | 9 | 4 | 4 | 8 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|

**Question Booklet Series**

**D**

Question Booklet

# GENERAL STUDIES

**Time Allowed : 2 Hours** **Maximum Marks : 150**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains **150** questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 48 printed pages including two pages (Page Nos. 46 and 47) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
5. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature, then out of English and Hindi versions of the questions, the English version will be treated as standard.
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name, Roll No., Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–1 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Questions and their responses are printed in English and Hindi versions in this Booklet. Each question comprises of **four** responses—(A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **four** circles—(A), (B), (C) and (D) against each question. To answer the questions you are to mark with Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
12. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

1. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 'मानसिक स्वास्थ्य नीति' प्रारम्भ की गयी

(A) 20 अक्तूबर, 2014 को

(B) 10 अक्तूबर, 2014 को

(C) 5 अक्तूबर, 2014 को

(D) 11 जुलाई, 2014 को

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'सांसद आदर्श ग्राम योजना' प्रारम्भ की गयी

(A) 11 अक्तूबर, 2014 को

(B) 10 नवम्बर, 2014 को

(C) 26 अगस्त, 2014 को

(D) 15 अगस्त, 2014 को

3. ग्यारहवीं महानगर कांग्रेस हैदराबाद में आयोजित की गयी थी

(A) सितम्बर 2013 में

(B) जनवरी 2014 में

(C) अक्तूबर 2014 में

(D) नवम्बर 2014 में

4. किस क्षेत्र में भारत-अमेरिकी सैन्य अभ्यास 'युद्धाभ्यास 2014' आयोजित किया गया था?

(A) सोलन (हिमाचल प्रदेश)

(B) गैरसेण (उत्तराखण्ड)

(C) रानीखेत (उत्तराखण्ड)

(D) पुंछ (जम्मू तथा कश्मीर)

5. निम्नलिखित में से राजनीतिक दलों का कौन-सा समूह 16वीं लोक सभा के चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाया?

(A) एम० एन० एस०, बी० एस० पी०, एस० पी०, आर० जे० डी०

(B) एस० पी०, बी० एस० पी०, नेशनल कॉन्फरेन्स, आर० एल० डी०

(C) जे० डी० (यू०), बी० एस० पी०, एन० सी० पी०, आर० जे० डी०

(D) डी० एम० के०, आर० एल० डी०, नेशनल कॉन्फरेन्स, बी० एस० पी०

6. राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने 7 अक्तूबर, 2014 को लोक प्रशासन, शिक्षा-सम्बन्धी विषय और प्रबन्धन के लिए 2014 का लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया

(A) वी० सम्पत को

(B) डॉ० ए० एस० पिल्लाई को

(C) अरविन्द मायाराम को

(D) अजीत डोभाल को

7. भारत सरकार द्वारा फरवरी 2014 में गठित सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?

(A) न्यायमूर्ति बी० के० सिंह

(B) न्यायमूर्ति स्वतंत्र कुमार

(C) न्यायमूर्ति अशोक कुमार माथुर

(D) न्यायमूर्ति मृदुला सिंह

**8.** न्यायमूर्ति जे० एस० वर्मा कमेटी की रिपोर्ट, 2013 सम्बन्धित है

(A) केन्द्र-राज्य सम्बन्धों से

(B) महिलाओं के विरुद्ध अपराधों से सम्बद्ध कानून में परिवर्तन से

(C) मौलिक अधिकारों से

(D) बच्चों के अधिकारों से

**9.** बिहार से लोक सभा के लिए कितने सदस्य चुने जाते हैं?

(A) 20

(B) 30

(C) 35

(D) 40

**10.** बिहार का अद्वितीय त्योहार क्या है?

(A) दीपावली

(B) बिहू

(C) विनायक चतुर्थी

(D) छठ पूजा

**11.** इनमें से किसको 2014 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है?

(A) कैलाश सत्यार्थी

(B) मलाला युसफज़ई

(C) जीन टीरोले

(D) पैट्रिक मोडियानो

**12.** निम्नलिखित यूरोपीय यूनियन देशों में से फिलीस्तीन राज्य को आधिकारिक मान्यता देने वाला प्रथम कौन है?

(A) स्वीडेन

(B) डेनमार्क

(C) नॉर्वे

(D) इटली

**13.** निम्नलिखित में से किस देश ने जनवरी 2014 में अपने सभी वयस्क पुरुषों के लिए सैन्य सेवा को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया?

(A) उत्तरी कोरिया

(B) यू० ए० ई०

(C) इज़राइल

(D) टर्की

14. वैश्विक वित्तीय विकास रिपोर्ट, 2014 का विषय है

(A) भूख और निर्धनता

(B) सामूहिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी

(C) वित्तीय समावेशन

(D) वैश्विक मन्दी और तृतीय विश्व

15. इनमें से किन्हें 'टाइम' पत्रिका में 2014 के 25 सबसे अधिक प्रभावशाली किशोरों की सूची में गिना गया है?

(A) मालिया और सशा ओबामा

(B) केन्डाल और कीली जेन्नर

(C) मलाला युसफज़ई

(D) उपर्युक्त सभी

16. सातवाँ ब्रिक्स (BRICS) सम्मेलन 2015 में आयोजित होना प्रस्तावित है

(A) डरबन, दक्षिण अफ्रीका में

(B) वूफा, रूस में

(C) नई दिल्ली, भारत में

(D) सान्या, चीन में

17. अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस मनाया जाता है

(A) 10 दिसम्बर को

(B) 24 अक्तूबर को

(C) 19 नवम्बर को

(D) 3 दिसम्बर को

18. एमनेस्टी इंटरनेशनल एक संगठन है, जो जुड़ा हुआ है

(A) महिला अधिकारों के संरक्षण से

(B) मानव अधिकारों के संरक्षण से

(C) अस्पृश्यता के उन्मूलन से

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

19. अक्तूबर 2014 में भारत तीन वर्षों के लिए सदस्य के रूप में पुनःनिर्वाचित हुआ है

(A) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के लिए

(B) संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए

(C) संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद् (ECOSOC) के लिए

(D) विश्व बैंक के लिए

20. अंगोला, मलेशिया, न्यूजीलैंड, स्पेन और वेनेजुएला 16 अक्तूबर, 2014 को गैर-स्थायी सदस्यों के रूप में सेवा करने हेतु चुने गये

(A) संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए

(B) संयुक्त राष्ट्र न्यास परिषद् के लिए

(C) संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार आयोग के लिए

(D) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के लिए

21. निम्नलिखित देशों में से किसने फरवरी 2014 के सोचि शीतकालीन ओलम्पिक खेलों में सबसे अधिक संख्या में स्वर्ण पदक जीते?

(A) कनाडा

(B) रूस

(C) नॉर्वे

(D) यू० एस० ए०

22. इनमें से किस बहुमुखी योग्यता वाले क्रिकेट खिलाड़ी ने एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में जनवरी 2014 में तीव्र गति से शतक बनाया?

(A) दारेन ब्रेभो

(B) जेम्स फकनर

(C) ग्लेन मैक्सवेल

(D) कोरे एन्डरसन

23. चैम्पीयन्स लीग टी-20, 2014 का विजेता कौन था?

(A) कोलकाता नाइट राइडर्स (भारत)

(B) राजस्थान रॉयल्स (भारत)

(C) सिडनी सिक्सर्स (ऑस्ट्रेलिया)

(D) चेन्नई सुपर किंग्स (भारत)

24. 17वें एशियन गेम्स, 2014 में भारत का स्थान क्या था?

(A) आठवाँ

(B) छठवाँ

(C) तीसरा

(D) चतुर्थ

25. इनमें से कौन 17वें एशियन गेम्स में पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता था?

(A) जीतू राय

(B) संदीप कुमार

(C) रजत चौहान

(D) योगेश्वर दत्त

26. बीसवें राष्ट्रमण्डल खेलों में किस देश ने पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया?

(A) श्रीलंका

(B) नेपाल

(C) इंग्लैंड

(D) भारत

27. किसने अपना प्रथम ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस कॉम्पिटिशन, 2014 (महिला एकल) जीता?

(A) ली ना

(B) डोमीनिका सिबुलकोवा

(C) सारा इरानी

(D) इनमें से कोई नहीं

28. सैफ (SAFF) टूर्नामेन्ट, 2013 का विजेता कौन था?

(A) भारत

(B) मालदीव

(C) अफगानिस्तान

(D) नेपाल

29. खेल-कूद में उत्कृष्टता के लिए कौन-सा पुरस्कार दिया जाता है?

(A) जमनालाल बजाज पुरस्कार

(B) अर्जुन पुरस्कार

(C) टैगोर पुरस्कार

(D) मूर्तिदेवी पुरस्कार

30. 'प्रिन्स ऑफ वेल्स कप' किस खेल से सम्बन्धित है?

(A) हॉकी

(B) क्रिकेट

(C) फुटबॉल

(D) गॉल्फ

31. निम्नलिखित में से कौन हड़प्पा और मोहेन्जो-दारो के उत्खनन से सम्बन्धित नहीं थे?

(A) आर० डी० बैनर्जी

(B) के० एन० दीक्षित

(C) एम० एस० वत्स

(D) वी० ए० स्मिथ

32. गौतम बुद्ध अपना प्रथम उपदेश कहाँ दिये थे?

(A) वैशाली

(B) कोशाम्बी

(C) सारनाथ

(D) पावापुरी

33. 'प्राचीन भारत का नेपोलियन' किसे कहा जाता है?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य

(B) पुष्यमित्र

(C) कनिष्क

(D) समुद्रगुप्त

34. हर्षवर्धन के शासनकाल में किस चीनी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?

(A) फाह्यान

(B) हिउएन-सांग

(C) इत्सिंग

(D) तारानाथ

35. 'ढाई दिन का झोंपड़ा' क्या है?

(A) मस्जिद

(B) मंदिर

(C) संत की झोंपड़ी

(D) मीनार

**36.** 'तुज़ुक-ए-बाबरी' किस भाषा में लिखा गया था?

(A) फ़ारसी

(B) अरबी

(C) तुर्की

(D) उर्दू

**37.** हल्दीघाट के युद्ध में महाराणा प्रताप की सेना के सेनापति कौन थे?

(A) अमर सिंह

(B) मान सिंह

(C) हकीम खान

(D) शक्ति सिंह

**38.** शिवाजी की राजधानी कहाँ थी?

(A) रायगढ़

(B) सिंधुदुर्ग

(C) पूना

(D) कोल्हापुर

**39.** किस साल 'रेग्युलेटिंग ऐक्ट' पारित किया गया था?

(A) ई० स० 1757

(B) ई० स० 1765

(C) ई० स० 1773

(D) ई० स० 1793

**40.** 1857 में भारत का गवर्नर-जनरल कौन था?

(A) वेलेस्ली

(B) डलहौजी

(C) कैनींग

(D) मिन्टो

**41.** किस घटना के बाद महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन को अपनी 'हिमालय जैसी भूल' बताई थी?

(A) चौरी-चौरा

(B) खेड़ा सत्याग्रह

(C) नागपुर सत्याग्रह

(D) राजकोट सत्याग्रह

**42.** बंग-भंग के बाद कौन-सा आन्दोलन शुरू हुआ था?

(A) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

(B) स्वदेशी आन्दोलन

(C) भारत छोड़ो आन्दोलन

(D) असहयोग आन्दोलन

**43.** इंडियन नेशनल काँग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्षा कौन थी?

(A) श्रीमती एनी बेसन्ट

(B) सुचेता कृपलानी

(C) सरोजिनी नायडु

(D) इन्दिरा गाँधी

**44.** मैडम कामा ने 1907 में प्रथम तिरंगा ध्वज कहाँ फहराया था?

(A) लन्दन

(B) पेरिस

(C) मॉस्को

(D) स्टुटगार्ट

**45.** नालन्दा विश्वविद्यालय के स्थापक कौन थे?

(A) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

(B) कुमारगुप्त

(C) धर्मपाल

(D) पुष्यगुप्त

46. बिहार के कौन-से स्थान में गाँधीजी ने अपना प्रथम सत्याग्रह किया था?

(A) चम्पारण

(B) छपरा

(C) बेतिया

(D) पटना

47. 'इण्डिका' का लेखक कौन था?

(A) विष्णुगुप्त

(B) मेगस्थनीज़

(C) डायामेचस

(D) प्लिनी

48. पटना में किस सिख गुरु का जन्म हुआ था?

(A) नानक

(B) तेग बहादुर

(C) हरगोविन्द

(D) गोविन्द सिंह

49. 1922 में गया के इंडियन नेशनल कॉंग्रेस के अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे?

(A) चित्तरंजन दास

(B) एस० एन० बैनर्जी

(C) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(D) हकीम अजमल खान

50. जयप्रकाश नारायण किस नाम से पहचाने जाते हैं?

(A) लोकमान्य

(B) लोकनायक

(C) लोकहितवादी

(D) लोकनेता

51. सबसे बड़ी तटीय रेखा किस देश की है?

(A) यू० एस० ए०

(B) ऑस्ट्रेलिया

(C) कनाडा

(D) भारत

52. विश्व में एल्युमिनियम का सबसे बड़ा उत्पादक है

(A) फ्रांस

(B) भारत

(C) यू० एस० ए०

(D) इटली

53. पेनाइन (यूरोप), अप्लेशियन (अमेरिका) और अरावली (भारत) उदाहरण हैं

(A) युवा पर्वत शृंखला के

(B) पुरानी पर्वत शृंखला के

(C) ब्लॉक पर्वत शृंखला के

(D) फोल्ड पर्वत शृंखला के

54. निम्नलिखित नदियों और उन शहरों का मेल मिलाइये, जिनमें से होकर ये नदियाँ बह रही हैं और नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| | शहर | नदी |
|---|---|---|
| a. | रॉटरडैम | 1. सेन |
| b. | पेरिस | 2. पोटोमैक |
| c. | बुदापेस्ट | 3. राइन |
| d. | वाशिंग्टन | 4. डेन्यूब |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

55. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर धातु के व्यापार का सबसे बड़ा केन्द्र है?

(A) जोहानसबर्ग

(B) न्यूयार्क

(C) लंदन

(D) सिंगापुर

56. निम्नलिखित में से कौन-सी नदियाँ बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं?

(A) गंगा, ब्रह्मपुत्र तथा गोदावरी

(B) महानदी, कृष्णा तथा कावेरी

(C) लूनी, नर्मदा तथा ताप्ती

(D) दोनों (A) और (B)

57. भारत में सबसे पुराना तेल का भण्डार कहाँ है?

(A) बॉम्बे हाई, महाराष्ट्र

(B) अंकलेश्वर, गुजरात

(C) नवगाँव, गुजरात

(D) डिगबोई, असम

58. भारत में 'यरलूंग जंगबो नदी' को किस नाम से जाना जाता है?

(A) गंगा

(B) सिन्धु

(C) ब्रह्मपुत्र

(D) महानदी

59. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सबसे सूखा स्थान है?

(A) मुम्बई

(B) दिल्ली

(C) लेह

(D) बेंगलुरू

60. निम्नलिखित में से किस राज्य में जनजातीय समुदाय की पहचान नहीं की गई है?

(A) महाराष्ट्र

(B) छत्तीसगढ़

(C) हरियाणा

(D) कर्नाटक

61. सुल्तानपुर बर्ड सैंक्च्युअरी स्थित है

(A) चंडीगढ़ में

(B) भरतपुर में

(C) गुड़गाँव में

(D) गाँधीनगर में

62. भारत में प्रति व्यक्ति वन का क्षेत्र (औसत हैक्टेयर में) कितना है?

(A) 0·23

(B) 0·34

(C) 0·20

(D) 0·29

63. निम्नलिखित में से किस राज्य में कृषि भूमि 60 प्रतिशत से कम है?

(A) पश्चिम बंगाल

(B) पंजाब

(C) उत्तर प्रदेश

(D) बिहार

64. 'नागार्जुन सागर बहु-उद्देशी परियोजना' कौन-सी नदी पर स्थित है?

(A) ताप्ती

(B) कोसी

(C) गोदावरी

(D) कृष्णा

65. बिहार में डालमिया नगर किसके लिए प्रसिद्ध है?

(A) रेशम

(B) सीमेंट

(C) चमड़ा

(D) जूट

66. बिहार में कितना वर्ग मीटर वन-क्षेत्र है?

(A) 2812 वर्ग मीटर

(B) 3612 वर्ग मीटर

(C) 2461 वर्ग मीटर

(D) 2612 वर्ग मीटर

67. भारत के कौन-से दो राज्य सबसे बड़े पैमाने पर लौह अयस्क से सम्पन्न हैं?

(A) बिहार और पश्चिम बंगाल

(B) मध्य प्रदेश और ओडिशा

(C) बिहार और ओडिशा

(D) मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल

68. झारखण्ड के झरिया क्षेत्र में मुख्यतः क्या पाया जाता है?

(A) थोरियम

(B) रेशम

(C) सोना

(D) कोयला

69. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर बिहार के सबसे पूर्वी भाग में स्थित है?

(A) भागलपुर

(B) पटना

(C) कटिहार

(D) पूर्णिया

70. निम्नलिखित झीलों में से कौन-सी बिहार में स्थित है?

(A) अनुपम झील

(B) सांभर झील

(C) सुखना झील

(D) कामा झील

**71.** विकेन्द्रीकरण प्रणाली की सिफारिश किसने की थी?

(A) सी० राजगोपालाचारी

(B) जे० बी० कृपलानी

(C) बलवंत राय मेहता

(D) अशोक मेहता

**72.** भारत में मध्य-अर्धशतक (mid-fifties) में अपनाये गये महलानोबिस प्लान मॉडल का उद्देश्य था

(A) मजबूत रक्षा उद्योग आधार बनाना

(B) भारी उद्योगों की स्थापना करना जो पूँजी-सघन थे

(C) अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को रोकना

(D) कम समय के अन्दर बेरोज़गारी को हटाना

**73.** स्तम्भ—क के साथ स्तम्भ—ख को मिलाइये और नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| स्तम्भ—क | स्तम्भ—ख |
|---|---|
| a. 1955 | 1. भारतीय निर्यात-आयात बैंक |
| b. 1964 | 2. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक |
| c. 1982 | 3. भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम |
| d. 1987 | 4. औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**74.** स्तम्भ—क के साथ स्तम्भ—ख को मिलाइये और नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| स्तम्भ—क | स्तम्भ—ख |
|---|---|
| a. ओपन-जनरल लाइसेंस | 1. रोज़गार |
| b. TRYSEM | 2. विदेशी व्यापार |
| c. थोक मूल्य सूचकांक | 3. ऋण नियन्त्रण |
| d. नकदी-रिज़र्व अनुपात | 4. मुद्रास्फीति |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**75.** सरकारी व्यय को नियन्त्रित करने का प्राधिकारी है

(A) भारतीय रिज़र्व बैंक

(B) योजना आयोग

(C) वित्त मन्त्रालय

(D) वित्त आयोग

76. प्रभावी राजस्व घाटा किस केन्द्रीय बजट में पेश किया गया?

(A) 2010–11

(B) 2011–12

(C) 2009–10

(D) 2012–13

77. ब्याज भुगतान एक आइटम है

(A) राजस्व व्यय का

(B) पूँजीगत व्यय का

(C) योजना व्यय का

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. HDR–2014 के अनुसार भारत का मानव विकास सूचकांक रैंक है

(A) 137

(B) 128

(C) 135

(D) 147

79. निम्नलिखित उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों पर विचार कीजिये :

I. औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

II. कृषि श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

III. ग्रामीण श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

IV. शहरी गैर-श्रम कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

उपर्युक्त सूचकांकों में से कौन-सा/से केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) द्वारा संकलित किया जाता है/किये जाते हैं?

(A) केवल III और IV

(B) केवल I, II और III

(C) केवल IV

(D) I, II, III और IV

80. वर्ष 2013–14 में भारत में तिलहनों का कुल उत्पादन क्या है?

(A) 34·32 मिलियन टन

(B) 43·34 मिलियन टन

(C) 20·89 मिलियन टन

(D) 30·72 मिलियन टन

81. भारत अधिकतम विदेशी मुद्रा किसके निर्यात से कमाता है?

(A) लोहा

(B) चाय

(C) कपड़ा

(D) रबर

82. विदेशी मुद्रा, जिसमें त्वरित प्रवास की प्रवृत्ति होती है, कहलाती है

(A) गर्म मुद्रा

(B) स्वर्ण मुद्रा

(C) सुलभ मुद्रा

(D) दुर्लभ मुद्रा

83. निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन' में शामिल नहीं है?

(A) तिलहन

(B) गेहूँ

(C) चावल

(D) दाल

84. भारत में बजट घाटे को पूरा करने की तदर्थ ट्रेज़री बिल प्रणाली को समाप्त कर दिया गया

(A) 1 अप्रैल, 1992 को

(B) 1 अप्रैल, 1994 को

(C) 31 मार्च, 1996 को

(D) 31 मार्च, 1997 को

85. आर० एन० मल्होत्रा कमेटी सम्बन्धित है

(A) बीमार उद्योगों से

(B) कर सुधारों से

(C) बीमा क्षेत्र से

(D) बैंकिंग क्षेत्र से

86. भारत में सेवा-कर किस वर्ष प्रारम्भ किया गया था?

(A) 1994–95

(B) 1996–97

(C) 1998–99

(D) 1991–92

87. रुपए की परिवर्तनीयता का तात्पर्य है

(A) रुपए नोटों का सोने में परिवर्तित होने में सक्षम होना

(B) रुपए तथा अन्य प्रमुख मुद्राओं का आपस में आज़ादी से परिवर्तन की अनुमति देना

(C) बाज़ार की ताकतों द्वारा रुपए का मूल्य तय किये जाने की अनुमति देना

(D) भारत में मुद्राओं के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ार का विकास करना

88. केन्द्रीय सरकार के निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण कर राजस्व के स्रोतों पर विचार कीजिये :

I. निगम-कर

II. निगम-कर के अलावा अन्य आय पर कर

III. कस्टम्स

IV. संघ उत्पादन शुल्क

सकल कर राजस्व के मामले में इनका सही अवरोही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(A) I–II–IV–III

(B) I–II–III–IV

(C) III–I–II–IV

(D) II–III–I–IV

**89.** माइक्रो, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी एक निर्माणी क्षेत्र के मध्यम उद्योगों हेतु निर्धारित निवेश की सीमा है?

(A) 10 लाख रुपये से अधिक और 2 करोड़ रुपये से कम

(B) 2 करोड़ रुपये से अधिक और 5 करोड़ रुपये से कम

(C) 5 करोड़ रुपये से अधिक और 10 करोड़ रुपये से कम

(D) 10 करोड़ रुपये से अधिक

**90.** शिशु मृत्यु दर क्या है?

(A) हर 1000 जीवित जन्मों में से अपने पाँचवें जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात

(B) हर 1000 जीवित जन्मों में से अपने पहले जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात

(C) हर 100 जीवित जन्मों में से अपने पाँचवें जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात

(D) हर 100 जीवित जन्मों में से अपने पहले जन्मदिन से पहले मरने वाले बच्चों की संख्या का अनुपात

**91.** निम्नलिखित में से किन वर्षों में व्यापार सन्तुलन भारत के लिए अनुकूल था?

(A) 1970–71 और 1974–75

(B) 1972–73 और 1976–77

(C) 1972–73 और 1975–76

(D) 1971–72 और 1976–77

**92.** निम्नलिखित समझौतों पर विचार कीजिये :

I. ISLFTA (भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता)

II. SAFTA (दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र)

III. CECA (भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता)

IV. SAPTA (दक्षिण एशिया अधिमान्य व्यापार व्यवस्था)

उपर्युक्त समझौतों का सही कालानुक्रमिक क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(A) I–III–II–IV

(B) IV–I–II–III

(C) II–I–IV–III

(D) I–II–III–IV

93. किस वर्ष कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों की वार्षिक औसत वृद्धि दर (स्थिर मूल्यों पर) नुकारात्मक हो गयी थी?

(A) 2002–03

(B) 2003–04

(C) 2005–06

(D) 2006–07

94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

I. 'वर्षा बीमा', वर्षा बीमा योजना, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी लिमिटेड (AICIL) द्वारा किया जाता है।

II. यह योजना वर्ष 2007 के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून अवधि में शुरू की गयी थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) दोनों I और II

(D) न तो I और न ही II

95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

I. बैंक दर वह ब्याज दर है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक अपने ग्राहकों से उनके अल्पकालिक उधार पर लेता है।

II. रेपो दर वह ब्याज दर है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक अपने ग्राहकों से उनके दीर्घकालिक उधार पर लेता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से गलत है/हैं?

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) दोनों I और II

(D) न तो I और न ही II

96. भारत में वित्तीय क्षेत्र के सुधारों में शामिल है

(A) सी० आर० आर० और एस० एल० आर० को कम करना

(B) बीमा क्षेत्र में निजी कम्पनियों का प्रवेश

(C) ब्याज दर का अविनियमन

(D) उपर्युक्त सभी

97. निम्नलिखित में से कौन-सा 'भारत निर्माण' का एक अंग नहीं है?

(A) ग्रामीण आवास

(B) ग्रामीण विद्युतीकरण

(C) कृषि-आधारित उद्योग

(D) ग्रामीण टेलीफोनी

98. भारतीय योजना आयोग के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-से गरीबी रेखा के लिए सही हैं?

I. नगरीय क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति ₹ 42 प्रतिदिन

II. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति ₹ 26 प्रतिदिन

III. नगरीय क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति ₹ 32 प्रतिदिन

IV. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति ₹ 32 प्रतिदिन

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिये।

(A) I और II

(B) I और III

(C) II और III

(D) III और IV

99. निम्नलिखित योजनाओं पर विचार कीजिये :

I. ई० ए० एस० (EAS)

II. ट्राईसेम (TRYSEM)

III. जे० आर० वाई० (JRY)

IV. आर० एल० ई० जी० पी० (RLEGP)

इन योजनाओं को लागू करने का सही कालानुक्रमिक क्रम है

(A) II–IV–I–III

(B) IV–II–III–I

(C) IV–III–I–II

(D) II–IV–III–I

100. स्तम्भ—क के साथ स्तम्भ—ख को मिलाइये और नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

| स्तम्भ—क | स्तम्भ—ख |
|---|---|
| a. राष्ट्रीय कृषि नीति | 1. 2004 |
| b. समुद्रीय मत्स्य नीति | 2. 1978 |
| c. नवीन विदेशी व्यापार नीति | 3. 2000 |
| d. सातवाँ वित्तीय आयोग | 4. 2014 |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**101.** 'पागल पंथ' की स्थापना किसने की थी?

(A) बुले शाह

(B) करम शाह

(C) यदुवेन्द्र सिंह

(D) स्वामी सहजानन्द

**102.** फराज़ी कौन थे?

(A) हाजी शरिअतुल्लाह के अनुयायी

(B) दादू के अनुयायी

(C) आर्य समाज के अनुयायी

(D) मुस्लिम लीग के अनुयायी

**103.** रामोसी विद्रोह सही रूप में किस भौगोलिक इलाके में हुआ था?

(A) पश्चिमी भारत

(B) पूर्वी घाट

(C) पूर्वी भारत

(D) पश्चिमी घाट

**104.** वघेरा विद्रोह कहाँ हुआ?

(A) सूरत

(B) पूना

(C) कालिकट

(D) बड़ौदा

**105.** भारत में मीडिया को नियन्त्रित करने के लिए 'ऐक्ट' कब पारित किये गये थे?

(A) 1835, 1867, 1878, 1908

(B) 1854, 1864, 1872, 1910

(C) 1854, 1872, 1908, 1910

(D) 1867, 1908, 1910, 1919

**106.** बीसवीं सदी के प्रारम्भिक वर्षों में कांग्रेस में विभाजन की प्रक्रिया शुरू हुई

(A) कांग्रेस आन्दोलन की रणनीतियों पर

(B) कांग्रेस आन्दोलन के उद्देश्यों पर

(C) कांग्रेस आन्दोलन में लोगों की भागीदारी पर

(D) उपर्युक्त सभी

**107.** 'New Lamps for Old' लेख-शृंखला (1893–94) में 'सर्वहारा-वर्ग' के साथ संपर्क से बाहर होने के लिए कांग्रेस की आलोचना की गयी थी।

इन लेखों का लेखक कौन था?

(A) अरविंद घोष

(B) ए० ओ० ह्यूम

(C) जी० के० गोखले

(D) बी० जी० तिलक

108. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये :

नेहरू रिपोर्ट ——— की अध्यक्षता में एक कमेटी द्वारा तैयार किया गया था और इसका विषय था ———।

(A) मोतीलाल नेहरू और जवाहरलाल नेहरू; ब्रिटिश साम्राज्य के साथ भारत का रिश्ता

(B) जवाहरलाल नेहरू; भारत में स्थानीय स्वशासन

(C) मोतीलाल नेहरू; भारत में संवैधानिक व्यवस्थायें

(D) जवाहरलाल नेहरू; भारत में संवैधानिक व्यवस्थायें

109. कैथरीन मेयो, ऐल्डस हक्सले, चार्ल्स एन्ड्रूज और विलियम डिग्बी के बीच आम रिश्ता क्या था?

(A) उन्होंने ब्रिटिश शासन के दौरान भारत की हालत पर टिप्पणियाँ लिखीं

(B) वे भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के समर्थक थे

(C) वे भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के विरोधी थे

(D) वे महात्मा गाँधी के दोस्त थे

110. निम्नलिखित पंक्तियों को किसने लिखा?

"सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है ज़ोर कितना बाज़ू-ए-क़ातिल में है।"

(A) बिस्मिल

(B) राजगुरु

(C) भगत सिंह

(D) आजाद

111. किसने 1921 में पहली बार 'पूर्ण स्वतंत्रता' की माँग को उठाया?

(A) मौलाना मोहम्मद अली

(B) पंडित जवाहरलाल नेहरू

(C) महात्मा गाँधी

(D) मौलाना हसरत मोहानि

112. भारत की कॉम्युनिस्ट पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के क्रमशः सबसे क़रीबी वर्ष पहचानिये।

(A) 1915, 1914

(B) 1925, 1925

(C) 1928, 1925

(D) 1925, 1929

113. स्वामी सहजानंद सरस्वती ने 'भूमि और जलमार्ग के राष्ट्रीयकरण' की माँग के साथ अखिल भारतीय संयुक्त किसान सभा का गठन किया

(A) उनकी मृत्यु से ठीक पहले

(B) बहुत कम उम्र में

(C) 1930 के दशक में

(D) 1920 के दशक में

114. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये :

—— में बंगाल और बिहार में भूमि पर किरायेदारों के अधिकारों को बंगाल किरायेदारी अधिनियम द्वारा दिया गया था।

(A) 1885

(B) 1886

(C) 1889

(D) 1900

115. निम्नलिखित में से कौन-सा गोलमेज सम्मेलन 1932 में हुआ था?

(A) पहला

(B) दूसरा

(C) तीसरा

(D) चौथा

116. 1920–22 के असहयोग आन्दोलन के दौरान बिहार में प्रचलित मान्यताओं में से एक यह थी कि उनकी जीत होगी, क्योंकि गाँधी

(A) धर्म के प्रतीक थे

(B) एक निपुण राजनीतिज्ञ थे

(C) को अंग्रेजों को हराने का तरीका पता था

(D) अंग्रेजी जानते थे

117. इनमें से कौन बिहार का/के किसान नेता था/थे?

I. स्वामी विद्यानंद

II. स्वामी सहजानंद

III. सरदार वल्लभभाई पटेल

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिये।

(A) I तथा II

(B) II तथा III

(C) I तथा III

(D) केवल II

118. किस क्षेत्र में राहुल सांकृत्यायन 1920 के असहयोग आन्दोलन में सक्रिय थे?

(A) छपरा

(B) दिल्ली

(C) लखनऊ

(D) पटना

**119.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) 1857 में दरभंगा, डुमराँव और हटवा के महाराजाओं और उनके साथी जमींदारों ने आदमी तथा पैसे से अंग्रेजों की मदद की

(B) 1857 में दरभंगा, डुमराँव और हटवा के महाराजाओं और उनके साथी जमींदारों ने आदमियों से अंग्रेजों की मदद की, पैसे से नहीं

(C) 1857 में दरभंगा, डुमराँव और हटवा के महाराजाओं और उनके साथी जमींदारों ने पैसे से अंग्रेजों की मदद की, आदमियों से नहीं

(D) 1857 में दरभंगा, डुमराँव और हटवा के महाराजाओं और उनके साथी जमींदारों ने अंग्रेजों का विरोध किया

**120.** किसने 'दुखी', 'दुखी आत्मा', 'दुखी हृदय' जैसे छद्मनामों के तहत लिखकर चम्पारण के किसानों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला?

(A) पीर मुहम्मद मुनीस

(B) राजेन्द्र प्रसाद

(C) सहजानंद सरस्वती

(D) एस० एन० सिन्हा

**121.** माना $f: R \to R$ परिभाषित होता है $f(x) = x^2 - 3x + 2$ से। तब $f(f(5))$ का मान होगा

(A) 90

(B) 100

(C) 110

(D) 80

**122.** यदि ${}^{2n}C_3 : {}^{n}C_2 = 12:1$, तब $n$ का मान होगा

(A) 6

(B) 5

(C) 4

(D) 3

**123.** 7, 7, 7, 7, 7 का प्रसरण होगा

(A) 7

(B) 0

(C) 2

(D) 7·5

**124.** दिया है $\log 2 = 0 \cdot 30103$. तब $\log 5$ होगा

(A) 0·2301

(B) 0·5302

(C) 0·720

(D) 0·6987

**125.** समीकरण $2x + 10 \geq 0$ का हल होगा

(A) $x \geq -8$

(B) $x \geq -5$

(C) $x \geq -9$

(D) $x \geq -10$

126. श्रेणी

$$\frac{1}{2}+\frac{5}{6}+\frac{7}{6}+\ldots$$

है

(A) समांतर श्रेणी

(B) गुणोत्तर श्रेणी

(C) हरात्मक श्रेणी

(D) चरघातांकी श्रेणी

127. एक त्रिभुज के शीर्ष (1, 6), (3, 0) तथा (−3, −7) हैं। उसका वर्ग इकाई में क्षेत्रफल है

(A) 10 (B) 25

(C) 30 (D) 40

128. दो रेखाओं $3x+y-7=0$ तथा $x+2y+9=0$ के बीच का कोण होगा

(A) 60° (B) 45°

(C) 30° (D) 90°

129. यदि $\tan 60° = \sqrt{3}$, तो $\sec 60°$ का मान है

(A) 4 (B) 3

(C) 2 (D) 1

130. एक वृत्त का क्षेत्रफल 154 वर्ग इकाई है। इसके व्यासों के समीकरण $2x-3y+12=0$ तथा $x+4y-5=0$ हैं। वृत्त की त्रिज्या है

(A) 8 इकाई (B) 7 इकाई

(C) 6 इकाई (D) 5 इकाई

131. लौंग पौधे के निम्नलिखित में से किस भाग से प्राप्त होते हैं?

(A) शुष्क पत्तियाँ

(B) शुष्क तनें

(C) शुष्क बीज

(D) शुष्क पुष्प कली

132. ओंकोजीन सम्बन्धित हैं

(A) तपेदिक से

(B) पीलिया से

(C) कर्क रोग से

(D) आंत्रज्वर से

133. सबसे अधिक क्रियाशील धातु कौन-सी है?

(A) सोडियम

(B) कैल्सियम

(C) आयरन (लोहा)

(D) पोटेशियम

134. डी० एन० ए० को किसने अन्तःपात्र में बनाया?

(A) आर्थर कोर्नबर्ग

(B) रॉबर्ट हुक

(C) एडवर्ड जेनर

(D) जोसेफ लिस्टर

135. वर्ष 1945 में, नागासाकी (जापान) में गिराये गये बमों में कौन-सा विस्फोटक प्रयुक्त किया गया था?

(A) सोडियम

(B) पोटैशियम

(C) प्लूटोनियम

(D) यूरेनियम

136. वैज्ञानिक, जिन्होंने सर्वप्रथम खोज की कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है, थे

(A) न्यूटन

(B) डाल्टन

(C) कॉपरनिकस

(D) आइन्स्टीन

137. कॉस्मिक किरणें

(A) आवेशित कण हैं

(B) अनावेशित कण हैं

(C) आवेशित तथा अनावेशित दोनों हो सकती हैं

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

138. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व सभी कार्बनिक यौगिकों में मिलता है?

(A) कार्बन

(B) कैल्सियम

(C) नाइट्रोजन

(D) ऑक्सीजन

139. तीव्रता एवं प्रयुक्तता के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कर्क रोग उत्पन्न कर सकता है तथा उसका उपचार भी करता है?

(A) तम्बाकू

(B) ऐल्कोहॉल

(C) आयनीय विकिरण

(D) पराबैंगनी किरणें

140. एक स्वस्थ वयस्क मनुष्य में रक्त का कुल परिमाप होता है

(A) 5–6 लिटर

(B) 3–4 लिटर

(C) 8–10 लिटर

(D) 10–12 लिटर

141. टाइफॉइड तथा कॉलरा विशिष्ट उदाहरण हैं

(A) संक्रामक रोगों के

(B) वायु-जन्य रोगों के

(C) जल-जन्य रोगों के

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

142. यकृत एवं मांसपेशियों में ऊर्जा जमा होती है

(A) कार्बोहाइड्रेट के रूप में

(B) वसा के रूप में

(C) प्रोटीन के रूप में

(D) ग्लाइकोजन के रूप में

143. जीवाणु की खोज किसने की?

(A) फ्लेमिंग

(B) लेम्बल

(C) टेमिन

(D) ल्यूवेनहुक

144. जीवों में अत्यधिक विविधता का कारण है

(A) अनुकूलन

(B) सहभागिता

(C) उत्परिवर्तन

(D) बहुगुणसूत्रता

145. कीट-संवर्धन क्या है?

(A) कीटों की वृद्धि करने का विज्ञान

(B) जन्तुओं के अध्ययन करने का विज्ञान

(C) मछलियों के अध्ययन करने का विज्ञान

(D) कीटों को मारने का विज्ञान

146. सबसे छोटा जीव, जो स्वयं विकास एवं प्रजनन करने में समर्थ है, है

(A) विषाणु

(B) जीवाणु

(C) माइकोप्लाज़्मा

(D) बैक्टीरियोफेज

147. सर्वप्रथम मानव हृदय प्रत्यारोपण हुआ था

(A) अमेरिका में

(B) इंग्लैंड में

(C) दक्षिण अफ्रीका में

(D) फ्रांस में

148. वृक्क से प्रति मिनट औसत रक्त प्रवाह होता है

(A) 1000 सी० सी०

(B) 1200 सी० सी०

(C) 200 सी० सी०

(D) 500 सी० सी०

149. पादप कली है

(A) एक भ्रूणीय टहनी

(B) एक भ्रूणीय पत्ती

(C) एक भ्रूणपोष

(D) एक बीज

150. सिगरेट लाइटर में निम्नलिखित में से कौन-सी गैस प्रयुक्त होती है?

(A) ब्यूटेन

(B) मिथेन

(C) प्रोपेन

(D) रेडॉन

***